**NEWS CLIPPING: 20.08.2018**

**DAINIK BHASKAR**

पहल | पौधा गोद लेने को करना होगा आवेदन, 1000 पौधे बांटने का लक्ष्य

# विद्यार्थियों को पौधों का महत्व बताने के लिए 'अडॉप्ट ए ट्री' अभियान शुरू, 28 तक चलेगा

भास्कर न्यूज | फरीदाबाद

वाईएमसीए यूनिवर्सिटी ने पौधरोपण के प्रति जागरूकता लाने व पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से एक अनोखा अभियान शुरू किया है। इसका नाम दिया है 'अडॉप्ट ए ट्री'। इसके तहत विद्यार्थियों को पौधा गोद लेने व उनकी देखभाल करने के लिए प्रेरित किया जाएगा। अभियान के तहत 1000 पौधे वितरित करने का लक्ष्य है। इसमें कोई भी हिस्सा ले सकता है। अभियान से जुड़ने के लिए ऑनलाइन पंजीकरण कराना होगा। यह 28 अगस्त तक चलेगा।



फरीदाबाद. अडाप्ट ए ट्री अभियान की शुरुआत करते कुलपति प्रो. दिनेश कुमार।

## अडाप्ट ट्री के लिए 28 तक आवेदन

इस अभियान की शुरुआत कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने इस सत्र से की है। इसे विश्वविद्यालय के पर्यावरण विज्ञान के विद्यार्थियों की सोसायटी 'वसुंधरा' द्वारा संचालित किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत 1000 पौधे वितरित करने का लक्ष्य है। इसमें कोई भी हिस्सा ले सकता है। अभियान से जुड़ने के लिए ऑनलाइन पंजीकरण कराना होगा। जो 28 अगस्त तक चलेगा।

## पौधा गोद लेते वक्त दिलाई जाएगी शपथ

पौधा गोद लेने के इच्छुक विद्यार्थियों को पौधे को पेड़ बनने तक उसकी देखरेख करने की शपथ दिलाई जाएगी। पौधा रोपित करने वाले को पौधे के साथ सेल्फी लेकर वसुंधरा सोसाइटी के सोशल मीडिया प्लेटफार्म पर टैग व शेयर करनी होगी। छह माह तक पौधे की सही देखभाल करने वालों को सम्मानित भी किया जाएगा।

## कुलपति ने पहला पौधा गोद लेकर की शुरुआत

कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने इस अभियान में स्वयं एक पौधा गोद लेकर अपने आवास परिसर में इसे लगाया। उन्होंने वसुंधरा पर्यावरण सोसायटी के इस प्रयास की सराहना की। उन्होंने कहा इस तरह का अभियान पर्यावरण संरक्षण के लिए बहुत आवश्यक हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय के अलावा फरीदाबाद शहर को भी पर्यावरण के अनुकूल स्मार्ट सिटी बनाने में सहयोग देने के लिए प्रेरित किया। अभियान को विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ. आशुतोष दीक्षित की देखरेख में संचालित किया जा रहा है। इसमें सहायक प्राध्यापक डॉ. रेनूका गुप्ता, भारत भूषण, अनीता गिरधर, ममता सिंगला, मोनिका, रिंकल सिंह तथा वसुंधरा सोसाइटी से जुड़े विद्यार्थी सहयोग दे रहे हैं।

**NEWS CLIPPING: 20.08.2018**

**AMAR UJALA**

# 'पौधा गोद लेकर रखरखाव की खुद उठाएं जिम्मेदारी'



वाईएमसीए में पौधरोपण करते कुलपति प्रोफेसर दिनेश कुमार।

अमर उजाला ब्यूरो

**फरीदाबाद।** वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में 'अडॉप्ट ए ट्री' अभियान के तहत विश्वविद्यालय कुलपति ने पौधा गोद लेकर उसे अपने आवास में रोपा। विश्वविद्यालय ने पर्यावरण संरक्षण के लिए इस खास मुहिम का आगाज किया। इसके तहत प्रत्येक विद्यार्थी को पौधा गोद लेने के लिए प्रेरित किया जा रहा है। मुहिम के चलते पौधे का रखरखाव की जिम्मेदारी भी विद्यार्थी खुद उठाएंगे।

कुलपति दिनेश कुमार ने बताया कि नए शैक्षणिक सत्र से ही अभियान की शुरुआत की गई है। विश्वविद्यालय के पर्यावरण विंग की सोसायटी वसुंधरा इस अभियान को संचालित कर रही है। इस अभियान के तहत 28 अगस्त इच्छुक छात्र ऑनलाइन आवेदन कर सकते हैं। आवेदन कर्ताओं को 28 अगस्त के बाद पौधा दिया जाएगा। पौधरोपण के बाद आजीवन देखभाल की शपथ भी विद्यार्थियों को दिलाई जाएगी। समय-समय पर विद्यार्थियों को पौधे के रखरखाव करते हुए सेल्फी वसुंधरा की ऑनलाइन साइट पर शेयर करनी होगी। कुलपति दिनेश कुमार ने कहा कि इस तरह के अभियान स्मार्ट सिटी को यकीनन स्मार्ट बनने में मदद करेंगे।

## पौधे लगाना, सहेजना हमारा कर्तव्यः नागर

फरीदाबाद। 'पौधे लगाना और वृक्ष बनने तक उन्हें सहेजकर रखना प्रत्येक व्यक्ति का कर्तव्य होना चाहिए। आज एक पौधा लगाकर हम आने वाली पीढ़ी के लिए जीवन की सौगात देने का काम करते हैं।' वरिष्ठ भाजपा नेता रूप सिंह नागर ने यह बात पौधरोपण अभियान के दौरान कही। भाजपा ने फरीदाबाद सेक्टर-86 की रेजिडेंसी सोसायटी में आयोजित पौधरोपण कार्यक्रम में लोगों को संबोधित कर रहे थे। रविवार को आयोजित इस अभियान के दौरान 230 पौधे लगाए गए। भाजपा नेता ने कहा कि अधिक से अधिक पौधे लगाने से ही हम प्रदूषण रूपी राक्षस से बच सकते हैं। इस अवसर पर दीपक चौधरी, अमित बख्शी, एसपी शर्मा, समीर गोयल, पुनीत इलाहाबादी, कुलदीप चौधरी, सुधीर नागर आदि मौजूद रहे। ब्यूरो

**NEWS CLIPPING: 20.08.2018**

**HINDUSTAN**

# पौधा लगाकर पेड़ गोद लेने का अभियान शुरू हुआ

फरीदाबाद | वरिष्ठ संवाददाता

वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय में पौधारोपण के प्रति जागरूकता लाने और पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के लिए 'अडॉप्ट ए ट्री' अभियान की शुरुआत की है। इसके तहत विद्यार्थियों को पौधा गोद लेने तथा उनकी देखभाल के लिए प्रेरित किया गया। इसकी शुरुआत कुलपति प्रो. दिनेश कुमार ने की।

विश्वविद्यालय के पर्यावरण विज्ञान के विद्यार्थियों की सोसाइटी 'वसुंधरा' की ओर से संचालित किया जा रहा है। इस दौरान एक हजार से अधिक पौधा वितरण किया जाएगा। इसमें कोई भी हिस्सा ले सकता है। इससे जुड़ने के लिए ऑनलाइन पंजीकरण 28 अगस्त तक चलाया जाएगा। पौधा गोद लेने के इच्छुक विद्यार्थियों को पौधे को पेड़ बनने तक उसकी देखरेख करने की शपथ दिलाई जाएगी। कुलपति ने इस अभियान के तहत स्वयं एक पौधा गोद लेकर अपने आवास परिसर में पौधारोपण किया

**पौधारोपण किया: फरीदाबाद।** भाजपा नेता रूप सिंह नागर ने सेक्टर-86 में लोगों के साथ मिलकर पौधारोपण किया। लोगों ने करीब 230 पौधे लगाए और पौधों की सुरक्षा का संकल्प लिया। इस मौके पर दीपक चौधरी, अमित बखशी, एसपी शर्मा, आदि मौजूद रहे।

**NEWS CLIPPING: 20.08.2018**

**PUNJAB KESARI**

# वाईएमसीए विश्वविद्यालय ने शुरू किया 'अडॉप्ट ए ट्री' अभियान

- **पौधा गोद लेने तथा देखभाल के लिए किया जा रहा है प्रेरित**
- **एक हजार पौधा वितरण का है लक्ष्य**



*अपने आवास में पौधरोपण करते कुलपति प्रो. दिनेश कुमार। (छाया: एस शर्मा)*

फरीदाबाद, 19 अगस्त (ब्यूरो): वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, फरीदाबाद द्वारा पौधारोपण के प्रति जागरूकता लाने तथा पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अडॉप्ट ए ट्री अभियान की शुरूआत की है जिसके अंतर्गत विद्यार्थियों को पौधा गोद लेने तथा उनकी देखभाल के लिए प्रेरित किया जा रहा है। इस अभियान की शुरूआत कुलपति प्रो दिनेश कुमार द्वारा नये शैक्षणिक सत्र से की गई है जिसे विश्वविद्यालय के पर्यावरण विज्ञान के विद्यार्थियों की सोसाइटी वसुंधरा द्वारा संचालित किया जा रहा है।

अभियान के अंतर्गत 1000 पौधा वितरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया जिसमें कोई भी हिस्सा ले सकता है। अभियान से जुड़ने के लिए ऑनलाइन पंजीकरण करवाना होगा जोकि 28 अगस्त तक चलेगा। पौधा गोद लेने के इच्छुक विद्यार्थियों को पौधे को पेड़ बनने तक उसकी देखरेख करने की शपथ दिलाई जायेगी। पौधा रोपित करने वालों को पौधे के साथ सेल्फी लेकर वसुंधरा सोसाइटी के सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म पर टैग व शेयर करनी होगी। छह महीने तक पौधे की सही देखभाल करने वालों को सम्मानित भी किया जाएगा। कुलपति प्रो दिनेश कुमार ने इस विशेष अभियान में स्वयं एक पौधा गोद लेकर अपने आवास परिसर में पौधारोपण किया। उन्होंने वसुंधरा पर्यावरण सोसाइटी के इस प्रयास की सरहाना की और कहा कि इस तरह के अभियान पर्यावरण संरक्षण के लिए बेहद आवश्यक हैं। उन्होंने विद्यार्थियों को विश्वविद्यालय के अलावा फरीदाबाद शहर को भी पर्यावरण के अनुकूल स्मार्ट सिटी बनाने के लिए सहयोग देने के लिए प्रेरित किया।

अभियान को विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ आशुतोष दीक्षित की देखरेख में संचालित किया जा रहा है जिसमें पर्यावरण विज्ञान की सहायक प्राध्यापिका डॉ रेनूका गुप्ता, भारत भूषण, अनीता गिरधर, ममता सिंगला, मोनिका मगु, रिंकल सिंह तथा वसुंधरा सोसाइटी से जुड़े विद्यार्थी भी सहयोग दे रहे है।


पंजाब केसरी ई-पेपर
Mon, 20 August 2018
epaper.punjabkesari.in/c/31398469

**NEWS CLIPPING: 20.08.2018**

**PUNJAB KESARI (DELHI)**

# पौधों को गोद लेकर उनकी देखभाल करें विद्यार्थी

**फरीदाबाद,** (ब्यूरो): वाईएमसीए विज्ञान एवं प्रौद्योगिकी विश्वविद्यालय, फरीदाबाद द्वारा पौधारोपण के प्रति जागरूकता लाने तथा पर्यावरण संरक्षण को बढ़ावा देने के उद्देश्य से अडॉप्ट ट्री अभियान की शुरूआत की है, जिसके अंतर्गत विद्यार्थियों को पौधा गोद लेने तथा उनकी देखभाल के लिए प्रेरित किया जा रहा हैं इस अभियान की शुरूआत कुलपति प्रो दिनेश कुमार द्वारा नये शैक्षणिक सत्र से की गई है, जिसे विश्वविद्यालय के पर्यावरण विज्ञान के विद्यार्थियों की सोसाइटी वसुंधरा द्वारा संचालित किया जा रहा है। अभियान के अंतर्गत 1000 पौधा वितरण का लक्ष्य निर्धारित किया गया, जिसमें कोई भी हिस्सा ले सकता है। अभियान से जुडने के लिए ऑनलाइन पंजीकरण करवाना होगा जोकि 28 अगस्त तक चलेगा। पौधा गोद लेने के इच्छुक विद्यार्थियों को पौधे को पेड़ बनने तक उसकी देखरेख करने की शपथ दिलाई जायेगी। कुलपति प्रो दिनेश



कुमार ने इस विशेष अभियान में स्वयं एक पौधा गोद लेकर अपने आवास परिसर में पौधारोपण किया। अभियान को विज्ञान विभाग के अध्यक्ष डॉ आशुतोष दीक्षित की देखरेख में संचालित किया जा रहा हैए जिसमें पर्यावरण विज्ञान की सहायक प्राध्यापिका डॉ रेनूका गुप्ता, भारत भूषण, अनीता गिरधर, ममता सिंगला, मोनिका मगु, रिंकल सिंह तथा वसुंधरा सोसाइटी से जुड़े विद्यार्थी भी सहयोग दे रहे है।